RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 09 अप्रैल 2025 | वर्ष 06 | अंक 358 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

वसई शहर में एक नाइजीरियाई नागरिक को 11.58 करोड़ रुपये के ड्रग्स के साथ गिरफ्तार



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# नरेंद्र मोदी को लेकर देवेंद्र फडणवीस ने किया बड़ा दावा

## 2029 में बीजेपी जीती तो कौन बनेगा प्रधानमंत्री?

मुंबई : मुंबई में आयोजित ग्लोबल फोरम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी पर जवाब दिया. इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष में उन सवालों पर पूर्ण विराम लगा दिया है, जिसमें बीजेपी से ये यह पूछा जाता था कि 2029 में पीएम का चेहरा कौन होगा? सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि साल 2029 में भी नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने रहेंगे.

**'2029 में मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे '**

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी के बारे में सोचने का यह सही समय नहीं है, क्योंकि 2029 में मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे.'' हाल ही में पीएम मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत से मिले थे, जिसके बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दावा किया था कि आरएसएस पीएम मोदी के उत्तराधिकारी का चयन करेगा.''

**पीएम के RSS मुख्यालय दौरे पर संजय राउत ने किया दावा**



संजय राउत ने कहा था कि पीएम मोदी का हालिया फ्रर मुख्यालय का दौरा इस बात का संकेत है कि संघ इस मुद्दे पर कुछ खास विचार कर रहा है. उन्होंने दावा किया, ''पीएम मोदी सितंबर में रिटायरमेंट लेने की योजना बना रहे हैं. वे पिछले 10-11 साल में आरएसएस मुख्यालय नहीं गए, लेकिन अब वह यहां संघ प्रमुख मोहन भागवत को टाटा, बाय बाय बोलने गए थे. बीजेपी कुछ नेता 75 साल की आयु तक पहुंचने के बाद रिटायर हो जाते हैं. पीएम मोदी इस साल 75 साल के हो जाएंगे.''

### देवेंद्र फडणवीस का संजय राउत को जवाब

**संजय राउत ने कहा था, ''संघ की चर्चा बंद दरवाजों के पीछे होती है. संकेत बहुत स्पष्ट हैं. संघ अगले नेता का फैसला करेगा और वह नेता महाराष्ट्र से हो सकता है.'' महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने उस समय कहा था, ''हमारी संस्कृति में, जब पिता जीवित हो, तो उत्तराधिकार के बारे में बात करना अनुचित है. यह मुगल संस्कृति है. इस पर चर्चा करने का समय नहीं आया है.'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ संघ मुख्यालय का दौरा किया और रेशमबाग में स्मृति मंदिर में आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी.**

## मनसे ने महाराष्ट्र में रह रहे उत्तर भारतीयों को चेताया...

### पार्टी के खिलाफ याचिका पर बिफरी

**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने एक व्यक्ति द्वारा मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में पार्टी के पंजीकरण को रद्द करने का अनुरोध करने वाली याचिका दायर करने पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि पार्टी को इस बात पर विचार करना होगा कि उत्तर भारतीयों को राज्य में रहने की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं। पार्टी के प्रवक्ता और मुंबई इकाई के अध्यक्ष संदीप देशपांडे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर क्षेत्रीय दलों को खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।




उत्तर भारतीय विकास सेना के मुंबई में रहने वाले कार्यकर्ता सुनील शुक्ला ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने हाल ही में बैंकों और अन्य प्रतिष्ठानों में मराठी भाषा के इस्तेमाल को लागू करने के लिए पार्टी द्वारा किए गए आंदोलन को लेकर मनसे का पंजीकरण रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है।

उन्होंने कहा कि मनसे न केवल उत्तर भारतीयों की विरोधी है, बल्कि हिंदू विरोधी भी है क्योंकि मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा जिन बैंक अधिकारियों पर हमला किया गया वे हिंदू थे। इस घटनाक्रम के बाद देशपांडे ने एक पोस्ट में लिखा, ''एक अजीबोगरीब भैया (उत्तर भारतीय) राजनीतिक दल के रूप में मनसे के पंजीकरण को रद्द करने का अनुरोध करते हुए अदालत चले गए हैं। अगर उत्तर भारतीय, मराठी मानुष की पार्टी को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, तो (हमें) यह सोचने की जरूरत है कि क्या उन्हें मुंबई और महाराष्ट्र में रहने दिया जाना चाहिए।''

## कुणाल कामरा विवाद पर बोले महाराष्ट्र सपा अध्यक्ष अबू आसिम आजमी...

### कहा- इतना नाराज नहीं होना चाहिए





**मुंबई:** कॉमेडियन कुणाल कामरा विवाद पर महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आसिम आजमी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, 'कानून सबके लिए बराबर है। अगर इसी देश में सलमान रुश्दी और तसलीमा नसरीन को बुलाकर रेड कारपेट दी जाती है तो उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती।' आजमी ने कहा, 'अगर कोई उपमुख्यमंत्री के खिलाफ बोलता है, तो तुरंत जांच होती है। मैं समझता हूं कि यह एक धर्मनिरपेक्ष देश है और सभी को बोलने और अभिव्यक्ति का अधिकार है। अगर कोई बोलता है तो इतना नाराज नहीं होना चाहिए।'

**क्या है कुणाल कामरा विवाद?**

कुणाल कामरा और एकनाथ शिंदे के बीच का विवाद पिछले महीने शुरू हुआ था, जब स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अपने शो में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तंज कसा था। कामरा ने बॉलीवुड के एक गाने की पैरोडी बनाकर शिंदे के राजनीतिक करियर पर व्यंग्य किया था। कामरा की यह टिप्पणी 2022 में शिंदे द्वारा उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत और महा विकास आघाड़ी सरकार गिराने की घटना से जुड़ी थी। 23 मार्च 2025 को कामरा ने यह वीडियो अपने यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जो तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद शिंदे गुट के शिवसैनिकों ने 24 मार्च को मुंबई के खार इलाके में स्थित हैबिटेट कॉमेडी क्लब और होटल यूनिकॉन्टिनेंटल में तोड़फोड़ की, जहां यह शो रिकॉर्ड हुआ था। शिवसेना कार्यकताओं का दावा था कि कामरा ने शिंदे का अपमान किया, और उन्होंने उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में एफआईआर भी दर्ज कराई थी।

खार पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 356(2) (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया और उन्हें तीन समन जारी किए। कामरा 5 अप्रैल को पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। इसके अलावा, जलगांव के मेयर, नासिक के एक होटल व्यवसायी, और एक व्यापारी ने भी उनके खिलाफ शिकायतें दर्ज कीं। हालही में खबर सामने आई थी कि स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कामरा ने कोर्ट से खार पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। गौरतलब है कि कामरा ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर अपमान जनक टिप्पणी की थी।

## युवती ने प्रेमी के साथ मिलकर ब्लैकमेल करने वाले कैब चालक की पीटकर हत्या की

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई में एक निजी कंपनी में काम करने वाली 19 वर्षीय युवती और उसके प्रेमी ने एक वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर यौन संबंध बनाने की मांग करने वाले कैब चालक की हथौड़े से कथित तौर पर पीटकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि छह अप्रैल को आरोपी युगल ने अहिल्या नगर जिले के संगमनेर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद नवी मुंबई पुलिस को हत्या के बारे में सूचित किया गया। अधिकारी ने बताचा कि मृतक की पहचान सुरेंद्र पांडे (43) के रूप में हुई है, जो आरोपी युवती रिया सरकनीसिंह का कैब चालक था। उन्होंने बताया कि मूल रूप से पंजाब की रहने वाली रिया हाल ही में नवी मुंबई के उल्वे में रहने आई थी। अधिकारी ने बताया कि रिया को एक निजी फर्म में नौकरी मिल गई थी, जहां उसकी मुलाकात विशाल शिंदे (21) से हुई।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## संकट का ठोस समाधान खोजे भारत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित आयात शुल्क यानी टैरिफ की घोषणा हो गई। ट्रंप की समझ से उनका यह कदम अंतरराष्ट्रीय व्यापार में चली आ रही असमानता को ठीक करने का प्रयास है। ट्रंप प्रशासन यह मानता है कि अमेरिका में तो आयातित उत्पादों पर टैरिफ की दरें बहुत कम थीं, परंतु बाकी देशों में अमेरिकी उत्पादों को भारी टैरिफ चुकाना पड़ता है। टैरिफ ढांचे में बदलाव को ट्रंप ने अपना अहम चुनावी मुद्दा बनाया था। बढ़े हुए आयात शुल्क दो श्रेणियां में आए हैं। पहला आधार शुल्क यानी बेस टैरिफ जो अब तक ढाई प्रतिशत था। इसे बढ़ाकर दस प्रतिशत किया गया है। दूसरी श्रेणी में विभिन्न देशों को चिह्नित कर उन पर अलग-अलग दर से पारस्परिक यानी रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है। इसकी गणना करने के लिए अमेरिका ने विभिन्न देशों के साथ अपने व्यापार घाटे को आधार बनाया है। बढ़े हुए शुल्क की सबसे ज्यादा मार चीन, वियतनाम, थाइलैंड, ताइवान आदि पर पड़ने वाली है। यूरोपियन यूनियन, दक्षिण कोरिया और जापान उन देशों में शामिल हैं, जिन पर अपेक्षाकृत कम टैरिफ लगाया गया है, परंतु अमेरिका को होने वाले भारी निर्यात की वजह से यह कम टैरिफ दर भी इन देशों की अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डालेगी।

बाकी देशों के मुकाबले भारत पर लगाया 26 प्रतिशत टैरिफ फिर भी काफी हल्का है। अपने चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को विशेष रुप से इंगित कर टैरिफ किंग बताया था और इस कारण उम्मीद लगाई जा रही थी कि भारत पर भी चीन और वियतनाम जितना भारी शुल्क लगाया जाएगा। भारत का इस तरह सस्ते में छूट जाना राहत भरा है। चूंकि भारत का अमेरिका को होने वाला निर्यात सकल घरेलू उत्पाद का मात्र दो प्रतिशत है, इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था पर एकदम कोई बहुत बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। गौर करने वाली बात यह भी है कि दवाईयों, धातुओं, सेमीकंडक्टर आदि को जवाबी टैरिफ से मुक्त रखा गया है। अमेरिका को निर्यात होने वाली भारतीय वस्तुओं का बहुत बड़ा हिस्सा इन्हीं श्रेणियां में आता है। यूएसएड की समाप्ति, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति, पेरिस जलवायु समझौते और डब्ल्यूएचओ जैसे संगठनों से निकलना और अप्रवासन नीति में कड़ाई दिखलाती है कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने अपने शताब्दी पुराने बहुपक्षवाद और अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप नीति को विदाई दे दी है। जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा से उसने एक तरह से विश्व व्यापार संगठन समझौते से हाथ खींच कर आर्थिक क्षेत्र में भी एकला चलो की नीति अपना ली है। इन नीतियों का अमेरिका और समूचे विश्व पर कैसा प्रभाव पड़ेगा, यह तो समय बताएगा, परंतु यह स्पष्ट है कि अमेरिका उद्योग के महत्व को समझ फिर से उत्पादन क्षेत्र पर बल दे रहा है। जर्मनी जैसे यूरोपीय देश पहले से ही स्वचालित निर्माण प्रौद्योगिकी की मदद से उत्पादन प्रक्रियाओं को विस्तार देने में लगे हुए हैं। पूरा विश्व इस पर एकमत है कि उत्पादन और व्यापारिक स्पर्धा ही इस युग का युद्धक्षेत्र है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# नागपुर में पिछले तीन दिनों से तापमान में तेज वृद्धि....



**नागपुर :** देशभर में बढ़ते तापमान के बीच मध्य भारत में भी गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है. विदर्भ क्षेत्र, खासकर नागपुर, में पिछले तीन दिनों से तापमान में तेज वृद्धि देखी गई है, और यहां का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. तापमान में यह वृद्धि विशेष रूप से तब देखी गई है, जब पिछले सप्ताह नागपुर और आसपास के क्षेत्रों में बादल और बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई थी. हालांकि, अब आसमान साफ होने के साथ ही तापमान में 15 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो गई है.

नागपुर में बढ़ते तापमान के कारण लोग बेहाल हो गए हैं. दिन के समय शहर की सड़कें सुनसान दिख रही हैं और लोग धूप से बचने के लिए घरों में ही रह रहे हैं. गर्मी व तेज धूप के कारण आम जनता को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को नागपुर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस था और आने वाले दिनों में यह 45 डिग्री तक पहुंच सकता है.

**तापमान में हो रही है बढ़ोतरी**

नागपुर मौसम विभाग के निदेशक बाल सुब्रमण्यम ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उत्तर पश्चिम भारत से गुजरात की ओर से सूखी और गर्म हवाएं विदर्भ क्षेत्र में आ रही हैं, जिसके कारण तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है. पहले दक्षिण छत्तीसगढ़ क्षेत्र से ट्रफ सिस्टम आ रहा था, जिसके कारण कुछ दिनों तक विदर्भ में हल्की बारिश और बादल वाला मौसम रहा, लेकिन अब मौसम साफ हो चुका है और तापमान में बढ़ोतरी हो रही है. उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल सूर्य की किरणों का प्रभाव अधिक है और सूखी हवाएं भी चल रही हैं, जो तापमान में वृद्धि का मुख्य कारण हैं.

**तापमान सामान्य से अधिक रहने की है संभावना**

निदेशक ने आगे कहा कि रविवार (6 अप्रैल) को विदर्भ क्षेत्र में सबसे अधिक तापमान अकोला में 43.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था. उन्होंने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पश्चिमी द्रव्य क्षेत्रों के लिए अलर्ट भी जारी किया गया है, जहां तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है.

बाल सुब्रमण्यम ने आगे कहा कि बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र विकसित हो रहा है, जिसका असर दक्षिण विदर्भ में दिख सकता है. उन्होंने उम्मीद जताई कि 12 अप्रैल के आसपास हल्की बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में थोड़ी राहत मिल सकती है. हालांकि, इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी रहेगी.

## भायंदर में स्थित बालेशाह पीर दरगाह पर चल सकता है बुलडोजर



**मुंबईः** मुंबई से सटे ठाणे के मीरा भायंदर में स्थित बालेशाह पीर दरगाह पर बुलडोजर चल सकता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार ने 10 मई तक इस दरगाह को गिराने का आदेश दिया है। इसके बाद यह दरगाह चर्चा में आ गई है। राज्य के राजस्व मंत्री और महाराष्ट्र बीजेपी के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के अनुसार यह दरगाह मीरा भायंदर के चौक एरिया में स्थित है। बावनकुले का कहना है कि उस एरिया में 10 हजार स्क्वायर फीट में एक दरगाह बनाई गई है।

**बावनकुले बोले- सरकारी है जमीन**

बावनकुले का कहना है कि बार-बार नोटिस देने के बाद भी कब्जा बढ़ता जा रहा है। उसका आकार कम नहीं हो रहा है। राजस्व मंत्री ने कहा कि यह विषय सदन में उठा था। अब इस मामले के तूल पकड़ने के बाद मीरा भायंदर महानगर पालिका और कलेक्टर ने दरगाह को नोटिस दी है। बावनकुले ने कहा कि यह सामने आया है कि यह दरगाह सरकारी जगह पर है। यह एक रेवेन्यू लैंड ऐसे में फैसला किया गया है। इस अतिक्रमण को हटाना चाहिए। ऐसे में हटाया जाएगा। इस दरगाह पर साल में एक बार मेला भी लगता है। दरगाह पर औरतों का जाना प्रतिबंधित है।

कहां पर स्थित है दरगाह?

आरोप है कि मीरा भायंदर में स्थित इस दरगाह के पास में एक मस्जिद है। यहां पर नमाज पढ़ी जाती है। एक पहाड़ी के पास उतन गांव में स्थित यह परगाह अब विवाद की वजह बन गई है। दरगाह कमेटी का कहना है कि मामले हाईकोर्ट में पेंडिंग है। ऐसे में सरकारी जमीन और मैंग्रोव का नुकसान पहुंचाकर दरगाह बनाने के जो आरोप हैं उन पर कोर्ट फैसला करेगा। सरकार की तरफ से दरगाह को गिराने कहा आदेश जारी होने के बाद मीरा भायंदर की पॉलिटिक्स गरमा गई है।

## वसई शहर में एक नाइजीरियाई नागरिक को 11. 58 करोड़ रुपये के ड्रग्स के साथ गिरफ्तार



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई शहर में एक नाइजीरियाई नागरिक को 11. 58 करोड़ रुपये के ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मिरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत वसई की क्राइम ब्रांच यूनिट-2 ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक नाइजीरियन नागरिक को भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22.865 किलो 'म्याऊं-म्याऊं' ड्रग्स यानी मेफेड्रोन और 48 ग्राम कोकीन जब्त की है, जिसकी कुल कीमत 11 करोड़ 58 लाख 41 हजार रुपये बताई जा रही है।

क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक नाइजीरियाई नागरिक मादक पदार्थों की बड़ी खेप के साथ वसई इलाके में सक्रिय है। इसके बाद बारीकी से निगरानी रखकर जाल बिछाया गया और आरोपी को 5 अप्रैल को आधी रात में रंगेहाथ दबोच लिया गया। जब आरोपी के महेश अपार्टमेंट, एवरशाइन सिटी, वसई (पूर्व) के दो फ्लैटों की तलाशी ली गई, तो भारी मात्रा में एमडी पाउडर और कोकीन बरामद किया गया। इसके साथ ही ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल भी जब्त किया गया है।

आरोपी की पहचान विक्टर ओनूवाला उर्फ टइक रेमन के तौर पर हुई है। उसके खिलाफ वालीव पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई जिले में ड्रग्स की बढ़ती तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है।

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों तक भी जल्द ही पहुंचा जा सकेगा। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि ड्रग्स की ये खेप कहां से लाई गई और किन-किन नेटवर्क के जरिए इसे किन इलाकों में सप्लाई किया जाना था।

## मुंबई : न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक गबन की जांच तेज, बयान दर्ज कराने के निर्देश...




**मुंबई :** न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये के गबन की जांच मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कर रही है। जांच के सिलसिले में एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एआरसी) के प्रबंध निदेशक और सीईओ को एक सप्ताह के भीतर बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने बताया, वित्तीय अनियमितता के कारणों को जानने के लिए ईओडब्ल्यू ने ओमकारा एआरसी के वरिष्ठ अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाने का फैसला किया है। एमडी और सीईओ को इसी सप्ताह बुलाया गया है, हालांकि कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है।

# मुंबई : बीएमसी को 31 मई तक सड़क कार्य पूरा करने का निर्देश...

**मुंबई :** उपनगर में बारिश से पहले सड़क का काम पूरा हो सकता है. महाराष्ट्र के मंत्री और बीजेपी के नेता आशीष शेलार ने कहा कि बीएमसी को 31 मई तक सड़क कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है. शेलार महानगर के उपनगरीय जिले के संरक्षक मंत्री हैं. आशीष शेलार ने कहा, ''उन्होंने बृहन्मुंबई नगर निगम को अगले 15 दिनों के भीतर सड़क-वार रिपोर्ट देने के लिए कहा है. मानसून के अंत तक कोई भी नया सड़क कार्य शुरू नहीं करने के निर्देश जारी किए गए हैं.''



आशीष शेलार ने चल रहे सड़क कार्यों की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए बांद्रा पश्चिम का दौरा किया. उनके साथ अतिरिक्त नगर आयुक्त अभिजीत बांगर और अन्य अधिकारी मौजूद थे. बांद्रा, खार और सांताक्रूज (पश्चिम) में 74 सड़कों पर सीमेंट कंक्रीटिंग का काम चल रहा है. शेलार ने कहा कि फेज 1 और फेज 2 के तहत शामिल सभी प्रमुख सड़कों को 31 मई तक पूरा किया जाना चाहिए. कोई नई खुदाई शुरू नहीं होनी चाहिए. मंत्री आशीष शेलार ने कहा, ''अधिकारियों को गुरु नानक पार्क, खार जिमखाना, बांद्रा जिमखाना, दौलत नगर द्वीप के पास सर्कुलर सड़कों के साथ-साथ मधुपार्क सहित सांताक्रूज तक के क्षेत्रों को बारिश से पहले पूरा करने का निर्देश दिया गया है. मानसून के दौरान लोगों को असुविधा से बचाने के लिए इन कार्यों का समय पर पूरा होना आवश्यक है.'' शेलार ने कहा कि इसमें शामिल सभी विभागों में जवाबदेही बनाए रखी जानी चाहिए.

## मुंबई : शिक्षा बोर्ड की वेबसाइटों की क्षमता और साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए अधिकारियों को सात दिन के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश

**मुंबई :** महाराष्ट्र के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार ने राज्य शिक्षा बोर्ड की वेबसाइटों की क्षमता और साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए अधिकारियों को सात दिन के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। यह कदम खासतौर पर कक्षा 10 और कक्षा 12 के परिणामों की घोषणा के समय वेबसाइट पर अक्सर उत्पन्न होने वाली तकनीकी समस्याओं और लोड बढ़ने के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।



शेलार ने महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने कहा, ''लाखों छात्र जब एक साथ रिजल्ट चेक करने के लिए वेबसाइट पर लॉग इन करते हैं, तो वेबसाइट की क्षमता को बढ़ाना बेहद जरूरी हो जाता है। इसके लिए नियमित रूप से लोड टेस्टिंग और क्षमता वृद्धि की आवश्यकता है।''

उन्होंने अधिकारियों से वेबसाइट की वर्तमान क्षमता पर एक रिपोर्ट तैयार करने और इसे बढ़ाने के लिए उपायों का सुझाव देने को कहा।

बैठक के दौरान शेलार को यह बताया गया कि रिजल्ट घोषित होने के समय साइट पर अत्यधिक लोड और तकनीकी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिससे छात्रों को परेशानी होती है। शेलार ने यह भी कहा, ''साइबर सुरक्षा अब एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका है। बोर्ड की वेबसाइट को सुरक्षित बनाने के लिए जिन कदमों की आवश्यकता है, उनकी विस्तृत रिपोर्ट सात दिन के भीतर प्रस्तुत की जाए।'' इस बैठक में MSBSHSE के अध्यक्ष शरद गोसावी, स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव तुषार महाजन, आईटी विभाग के निदेशक अनिल भंडारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## मुंबईः फ्लाइट में बम की धमकी; मुंबई एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी

**मुंबईः** जयपुर से मुंबई जा रही एक फ्लाइट में बम की धमकी मिली। इस वजह से फ्लाइट को इमरजेंसी में लैंड कराया गया। फ्लाइट शाम 8.50 बजे सुरक्षित रूप से मुंबई में उतरी। सुरक्षा नियमों के अनुसार, इसे एयरपोर्ट पर एक अलग जगह पर खड़ा किया गया है। फ्लाइट में 225 यात्री थे। विमान के टॉयलेट में एक धमकी भरा नोट मिलने के बाद यह कदम उठाया गया। छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि जयपुर से मुंबई जा रहे एक विमान में धमकी भरा नोट मिला। सावधानी बरतते हुए मुंबई एयरपोर्ट पर रात 8:43 बजे फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। फ्लाइट रात 8:50 बजे सुरक्षित रूप से उतर गई। एयरपोर्ट का काम सामान्य रूप से चल रहा है।

**मामले की जांच कर रही है पुलिस**

CSMIA ने यह भी कहा कि वे एयरलाइन और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उनकी पहली प्राथमिकता यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने कहा कि वे स्थिति पर पूरी नजर रख रहे हैं। यात्रियों को किसी भी तरह



की परेशानी से बचाने के लिए हर संभव कदम उठाया जा रहा है। धमकी किसने दी, यह अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला की मौत के बाद इंडिगो विमान की आपात लैंडिंगइससे पहले इंडिगो एयरलाइंस के मुंबई से वाराणसी जा रहे विमान में सवार 89 वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। इसके बाद रविवार रात छत्रपति संभाजीनगर के चिकलठाणा हवाई अड्डे पर विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। हवाई अड्डा के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर की सुशीला देवी मुंबई से विमान में सवार हुई थीं और उड़ान के दौरान ही उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी थी।

# मुंबई : बदतर स्थिति में मुंबई के पुलिस स्टेशन... तंग गलियों, सीलनभरी दीवारों, सीमित जगह और अस्वच्छ माहौल

**मुंबई :** मुंबई पुलिस विभाग के कुछ थानों को भले ही नए और अत्याधुनिक भवन मिल गए हों, लेकिन शहर के कई अन्य पुलिस थाने अब भी खस्ताहाल और जर्जर ढांचे में काम करने को मजबूर हैं। पार्कसाइट, खार और वाकोला जैसे थानों को जहां नया आधारभूत ढांचा मिला है, वहीं मानखुर्द, कंजुरमार्ग, गोवंडी और खेरवाड़ी जैसे पुलिस स्टेशन आज भी तंग गलियों, सीलनभरी दीवारों, सीमित जगह और अस्वच्छ माहौल में अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं।

**पार्कसाइटः महाराष्ट्र का पहला ग्रीन पुलिस स्टेशन**

विक्रोली डिविजन के अंतर्गत आने वाले पार्कसाइट पुलिस स्टेशन की पुरानी इमारत बदतर स्थिति में थी। बारिश के मौसम में पानी भर जाता था और केस से जुड़ी अहम फाइलें खराब हो जाती थीं। वरिष्ठ निरीक्षक संतोष घाटेकर ने इस मुद्दे को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया, जिसके बाद विशेष पुलिस आयुक्त देवेन्द्र भारती और संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) के प्रयासों से पुलिस स्टेशन को नई और सुसज्जित इमारत में स्थानांतरित किया गया।

नई इमारत G+1 स्ट्रक्चर है, जिसमें सौर ऊर्जा से पूरी बिजली आपूर्ति होती है, और यह महाराष्ट्र का पहला कवड-सर्टिफाइड 'ग्रीन' पुलिस स्टेशन बन गया है। पश्चिमी क्षेत्र का व्यस्ततम थाना अब एक बहुमंजिला




भवन में स्थानांतरित होने की तैयारी में है। पहले यह एक शेड और फिर एक पशु अस्पताल की इमारत में संचालित हो रहा था, जहां सुविधाओं की कमी और पानी की समस्या ने कामकाज को प्रभावित किया। अब पुलिस स्टेशन फिर से अपने पुराने स्थान पर, एक नए और आधुनिक भवन में स्थानांतरित होने जा रहा है।

**वाकोला पुलिस स्टेशनः दशकों बाद मिला नया भवन**

1978 से टलअउ्‌भ कॉलोनी के फ्लैट्स में संचालित हो रहा वाकोला पुलिस स्टेशन अब सीएसटी रोड पर एक आधुनिक भवन में स्थानांतरित होने वाला है। यहां लगभग 5 लाख की आबादी के लिए सेवा देने वाले 150 से ज्यादा पुलिसकर्मी काम करते हैं। नई इमारत में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए क्वार्टर का निर्माण भी हो रहा है।

**मानखुर्दः सबसे बुरी हालत में पुलिस स्टेशन**

पूर्वी क्षेत्र के ट्रॉम्बे डिवीजन का यह थाना एक रफ्श बिल्डिंग के 30 कमरों में संचालित हो रहा है। आसपास की गंदगी, बदबू और हाई टाइड के समय नालों में भरने वाले समुद्री पानी ने पुलिसकर्मियों को गंभीर मानसिक तनाव में डाल रखा है। वरिष्ठ निरीक्षक मधु घोरपड़े ने इस स्थिति को बदलने के लिए कई प्रयास किए हैं।

**कंजुरमार्गः अब भी पुराने ढांचे में फंसा थाना**

1987 में बने इस थाने की इमारत आज भी एक पुराने इटउ स्कूल की अस्थायी संरचना है। यहां आज तक कोई कंपाउंड वॉल नहीं है, जिससे अपराधियों को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

**गोवंडीः** जल्द मिल सकती है राहत

वर्तमान ढांचा जर्जर हो चुका है और एक इएरळ बस डिपो की खाली बिल्डिंग में स्थानांतरित करने की योजना पर काम हो रहा है। जल्द ही वहां एक नया भवन बनने की उम्मीद है।

**खेरवाड़ीः जगह की कमी, सुविधा का अभाव**

टलअउ्‌भ कॉलोनी में 20 कमरों में चल रहा यह पुलिस स्टेशन 1965 में बना था। वर्तमान में जगह की भारी कमी है, जिससे केस से संबंधित सामग्री रखने और वाहनों की पार्किंग में दिक्कत होती है। नया स्थान तलाशा जा रहा है लेकिन अब तक कोई पुख्ता फैसला नहीं हो पाया है।

# मुंबई: 87 वर्षीय सेवानिवृत्त सिविक डॉक्टर 16.14 लाख रुपये की ठगी का शिकार

**मुंबई:** मुंबई की 87 वर्षीय सेवानिवृत्त सिविक डॉक्टर को कीट नियंत्रण सेवाओं के लिए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) से संपर्क करने की कोशिश करते समय 16.14 लाख रुपये की ठगी का शिकार होना पड़ा। 1997 में बीएमसी से सेवानिवृत्त हुई यह बुजुर्ग महिला खार (पश्चिम) में लिंकिंग रोड पर एक आवासीय सोसायटी में रहती है और बीएमसी के एच वेस्ट वार्ड में अपनी सोसायटी के लिए कीट नियंत्रण सहायता की मांग कर रही थी। 20 दिसंबर, 2024 को ऑनलाइन संपर्क विवरण खोजते समय, उन्हें गूगल पर एक नंबर मिला और उन्होंने यह मानकर कॉल किया कि यह सिविक बॉडी के कीट नियंत्रण विभाग का है।



एक महिला ने कॉल का जवाब दिया और खुद को बीएमसी कर्मचारी बताते हुए शिकायतकर्ता से पंजीकरण शुल्क के रूप में 50 रुपये का भुगतान करने को कहा और उन्हें आश्वासन दिया कि आगे कोई भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। सेवानिवृत्त डॉक्टर द्वारा यह स्पष्ट करने के बावजूद कि उनका मोबाइल उनके बैंक खाते से लिंक नहीं है, जालसाज ने 50 रुपये के भुगतान पर जोर दिया और पंजीकरण के लिए एक दुर्भावनापूर्ण लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करने और अपना विवरण दर्ज करने पर, पीड़िता के फोन से छेड़छाड़ की गई, रिपोर्ट की गई।

जब वह अभी भी कॉल पर थी, तो उसे एक संदेश मिला जिसमें बताया गया कि उसके कोटक महिंद्रा बैंक खाते से 1.85 लाख रुपये डेबिट किए गए हैं। जब उसने कटौती पर सवाल उठाया, तो घोटालेबाज ने झूठा दावा किया कि 1 लाख रुपये वापस कर दिए जाएंगे, जिसके कारण पीड़िता ने कॉल काट दिया। जब वह अगले दिन अपने तीन बैंकों में गई, तो उसे शुरू में राहत मिली कि कोई लेनदेन नहीं हुआ था, लेकिन पीड़िता ने मान लिया कि समस्या हल हो गई है। हालांकि, जनवरी के अंत में, पंजाब नेशनल बैंक में अपनी पासबुक अपडेट करने के लिए एक नियमित यात्रा के दौरान, वह यह जानकर चौंक गई कि 20 दिसंबर, 2024 और 22 जनवरी, 2025 के बीच 40 से अधिक अनधिकृत लेनदेन हुए थे, जिनकी राशि 13.35 लाख रुपये थी। उसके एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक खातों की आगे की जांच से पता चला कि उसके पिछले चेक के कुछ दिनों बाद और अधिक अनधिकृत कटौती की गई थी।

# मुंबई: शादी के दो महीने बाद ही 26 वर्षीय एक महिला ने जान दे दी... कारण अभी तक स्पष्ट नहीं

**मुंबई:** 26 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर शादी के बमुश्किल दो महीने बाद ही अपनी जान दे दी। उसका शव सांताक्रूज (पूर्व) में उसकी मां के घर पर मिला। घटनास्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला और महिला के इस कदम के पीछे के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।



पुलिस ने आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में हीरा बाजार में काम करने वाली अकाउंटेंट नेहा मिश्रा के रूप में हुई है। नेहा की शादी दो महीने पहले ही हुई थी और वह अपने मायके में रह रही थी। घटना के समय वह अकेली थी, क्योंकि उसकी मां पास के मंदिर में दर्शन करने गई थी। रात करीब 10.30 बजे घर लौटने पर उसकी मां ने नेहा का शव देखा। उसने कथित तौर पर साड़ी से फांसी लगा ली थी। पड़ोसियों और स्थानीय निवासियों ने नेहा को एक मृदुभाषी और संकोची व्यक्ति बताया। उनके अनुसार, वह ज्यादातर खुद में ही रहती थी, लेकिन पिछली कुछ बार जब उन्होंने उसे देखा तो वह बिल्कुल ठीक दिख रही थी।

# मुंबई: कानपुर-मुम्बई समेत विभिन्न रूटों में समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय....



**मुंबई:** रेलवे ने समर वेकेशन में पैसेंजर्स की समस्या को देखते हुए कानपुर-मुम्बई समेत विभिन्न रूटों में समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है। जिससे स्पेशल ट्रेनों में रेल पैसेंजर्स को आसानी से कंफर्म टिकट उपलब्ध हो सके। ट्रेन नंबर 09183 मुम्बई से 9, 16, 23, 30 अप्रैल, 7, 14, 21, 28 मई व 4, 11, 18, 25 जून को रात 10.50 बजे चलेगी। ट्रेन वापी, सूरत, कोटा, मैनपुरी होते हुए कानपुर सेंट्रल दूसरे दिन देर रात 2.20 पहुंचाएगी। वाराणसी यह ट्रेन सुबह 10.30 बजे पहुंचाएगी।

ट्रेन नंबर 09184 वाराणसी से 11, 18, 25 अप्रैल, 2, 9, 16, 23, 30 मई व 6, 13, 20 व 27 जून को दोपहर 2.30 बजे रवाना होगी। जोकि प्रतापगढ़, अमेठी, लखनऊ होते हुए कानपुर में रात 10.20 बजे पहुंचेगी। ट्रेन मुम्बई दूसरे दिन सुबह 4.20 बजे पहुंचाएगी।

ट्रेन नंबर 09043 बांद्रा-बरहनी 13, 20, 27 अप्रैल, 4, 11, 18, 25 मई और 1, 8, 15, 22, 29 जून को रात 12.05 बजे रवाना होगी। जोकि वापी, सूरत, गोधरा, बीना, झांसी होते हुए दूसरे दिन रात 1.05 बजे पहुंचेगी। ट्रेन बरहनी सुबह 8 बजे पहुंचाएगी।

ट्रेन नंबर 09044 बरहनी-बांद्रा 14, 21, 28 अप्रैल, 5, 12, 19, 26 मई, 2, 9, 16, 23, 30 जून को दोपहर 1.30 बजे रवाना होगी। ट्रेन बाराबंकी, लखनऊ होते हुए कानपुर सेंट्रल रात 9.30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन बांद्रा स्टेशन दूसरे दिन रात 11.50 बजे पहुंचाएगी।

ट्रेन नंबर 09195 बडोदार-मऊ 7, 14, 21, 28 अप्रैल, 5, 12, 19, 26 मई और 2, 9, 16, 23, 30 जून को शाम 7 बजे रवाना होगी। ट्रेन गोधरा, ईदगाह, टूंडला होते हुए कानपुर में दूसरे दिन सुबह 11.32 बजे पहुंचेगी। मऊ यह ट्रेन रात 8.45 बजे पहुंचाएगी।

ट्रेन नंबर 09196 मऊ-बडोदरा 8, 15, 22, 29 अप्रैल, 6, 13, 20, 27 मई व 3, 10, 17, 24 जून व 1 जुलाई को रात 11.45 बजे रवाना होगी। ट्रेन बनारस, प्रयागराज होते हुए कानपुर सुबह 7.45 बजे पहुंचेगी। बडोदरा यह ट्रेन दूसरे दिन रात 12.45 बजे पहुंचाएगी।

# मुंबई: बैंकॉक से 9.53 करोड़ रुपये की हाइड्रोपोनिक वीड की तस्करी करने के आरोप में 31 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार...

**मुंबई:** एयरपोर्ट कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने बैंकॉक से 9.53 करोड़ रुपये की हाइड्रोपोनिक वीड की तस्करी करने के आरोप में 31 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बैंकॉक से मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद अमृतसर, पंजाब निवासी एक यात्री कवलजीत सिंह को इस आधार पर रोका था कि उसके पास कुछ प्रतिबंधित सामान हो सकता है। उसके ट्रॉली बैग की तलाशी के दौरान, कस्टम अधिकारियों को उसमें भरे हुए 20 पारदर्शी पैकेट मिले, जिनमें हरे रंग का सूखा पत्ता जैसा पदार्थ था। जांच करने पर



उसमें हाइड्रोपोनिक वीड (कैनबिस) पाया गया, जो नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्स्टेंस एक्ट के तहत आने वाला पदार्थ है। इसके बाद, फील्ड टेस्टिंग किट का उपयोग करके सभी अन्य समान वैक्यूम सीलबंद पैकेट की सामग्री का परीक्षण किया गया, जिसमें भी हाइड्रोपोनिक वीड (कैनबिस) की उपस्थिति पाई गई।

इसके बाद अधिकारी ने हरे रंग के सूखे पत्तेदार पदार्थ का वजन किया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 9532 ग्राम हरे रंग के सूखे पत्तेदार पदार्थ की गांठें बरामद हुईं, जो गांजा होने का दावा किया गया, जिसे इस उचित विश्वास के आधार पर जब्त कर लिया गया कि इसे भारत में तस्करी करके लाया जा रहा था। ''कवलजीत सिंह ने अपने बयान में स्वीकार किया कि उसे पता था कि भारत में गांजा और अन्य अवैध दवाओं की तस्करी करने पर भारत में प्रचलित कानूनों के अनुसार कड़ी सजा का प्रावधान है। हालांकि, वह भारत में तस्करी के बदले में जल्दी और आसानी से अच्छी रकम कमा रहा था। इस मामले में, कवलजीत सिंह से 9532 ग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अवैध बाजार में कीमत 9.53 करोड़ रुपये है,'' एक सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा।

अधिकारी ने कहा, ''अब तक कानून के अनुसार की गई प्रारंभिक जांच और आरोपी द्वारा दिए गए बयान से अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का पता चलता है, जिनका अभी पता लगाया जाना बाकी है। मामले की जांच बहुत प्रारंभिक चरण में है और आरोपी के प्रमुख सहयोगियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।'' अधिवक्ता अरुण गुप्ता और आशीष सिंह ने अदालत में आरोपी के लिए दलीलें रखीं, जिसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# संगमनेर : नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न; डॉक्टर नासिक से गिरफ्तार...

**संगमनेर (महाराष्ट्र):** डॉक्टरों को भगवान का रूप माना जाता है, जो मरीजों की जान बचाने के लिए समर्पित होते हैं. लेकिन हाल ही में एक घिनौनी घटना ने इस भरोसे को तार-तार कर दिया है. एक डॉक्टर पर एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है, जिससे पूरे शहर में आक्रोश फैल गया है. यह मामला शहर के करपे अस्पताल का है, जहां 16 वर्षीय 12वीं कक्षा की छात्रा 4 अप्रैल से भर्ती थी. पुलिस के अनुसार, रविवार



की सुबह करीब 4 बजे, डॉक्टर अमोल करपे ने पीड़िता से पूछताछ की और उसे अस्पताल की छत पर ले गया, जहां उसने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया. इस घटना ने संगमनेर के लोगों को झकझोर कर रख दिया है. आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार: संगमनेर शहर पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के आधार पर, आरोपी डॉ. अमोल करपे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. घटना के बाद फरार हुए डॉक्टर को पुलिस ने नासिक से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस निरीक्षक रवींद्र देशमुख के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक फराहनाज पटेल इस मामले की आगे की जांच कर रही हैं. आरोपी डॉक्टर को अदालत में पेश किया जाएगा. शिवसेना कार्यकर्ताओं का आक्रोश: इस घटना के बाद संगमनेर शहर में शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए हैं. उन्होंने करपे अस्पताल में मार्च निकाला और आरोपी डॉ. अमोल करपे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उसका लाइसेंस रद्द करने की मांग की. कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर संगमनेर पुलिस उपविभागीय अधिकारी कुणाल सोनवणे को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की. उनका कहना है कि इस तरह के घिनौने अपराध को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और आरोपी को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए.

# मुंबई: बेस्ट बस की चपेट में आने से तीन साल की बच्ची की दर्दनाक मौत...!



**मुंबई:** बोरीवली ईस्ट के राजेंद्र नगर में बेस्ट वेट लीज बस की चपेट में आने से तीन साल की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। बेस्ट बस दोपहर करीब 12:40 बजे बोरीवली स्टेशन (ईस्ट) से मागाठाणे डिपो की ओर जा रही थी। तीन साल की पैदल चल रही बच्ची अचानक सड़क किनारे से निकली और बस के आगे के बाएं टायर से टकरा गई। वह जमीन पर गिर गई और टायर उसके सिर के ऊपर से निकल गया। मृतक की पहचान निर्माण स्थल पर काम करने वाले मजदूर की बेटी महक खातून शेख के रूप में हुई है। कस्तूरबा पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानून के मुताबिक कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक, महक और उसका पांच साल का भाई सड़क पार कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। उनके साथ कोई वयस्क नहीं था। इस बीच, बच्चा सुरक्षित है। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ित की पहचान महक खातून शेख के रूप में हुई है, जो राजेंद्र नगर से बस के गुजरने के दौरान अचानक सड़क किनारे से निकली। बच्ची बस के अगले बाएं टायर के संपर्क में आ गई, जिससे दुर्भाग्यवश बस उसके सिर के ऊपर से गुजर गई।

# मुंबई: औरंगजेब की कब्रगाह खुल्दाबाद का नाम बदलकर रतनपुर करने की मांग



**मुंबई:** औरंगजेब की कब्र का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। औरंगजेब की कब्रगाह खुल्दाबाद का नाम बदलकर रतनपुर करने की मांग उठ रही है। इसको लेकर महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा, 'मैं कोई नई मांग नहीं कर रहा हूं। यह पहले से ही इतिहास में है। जब अंग्रेज यहां आए थे, तो उन्होंने जो कर लगाया था, वह रतनपुर के नाम पर था और दौलताबाद को देवगिरी कहा जाता था। यह सब इतिहास में दर्ज है।' आगामी विधानसभा सत्र में इस पर चर्चा भी होगी: संजय उन्होंने कहा, 'औरंगजेब के प्रति प्रेम से लबरेज लोगों को हम दिखाना चाहते हैं कि आपने हमारे इतिहास को मिटा दिया है। आपने आतंक पैदा करने के लिए कई गांवों के नाम बदल दिए। अब वे उन यादों को मिटाना चाहते हैं। हम वहां पुराने नामों को फिर से स्थापित करना चाहते हैं। मैं मुख्यमंत्री से अनुरोध कर रहा हूं और आगामी विधानसभा सत्र में इस पर चर्चा भी होगी और उस प्रस्ताव को पारित करना होगा। बाद में केंद्र से इसकी अनुमति ली जाएगी और इसका नाम बदल दिया जाएगा।'

हालही में सीएम ने कही थी ये बात इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि लोग मुगल बादशाह औरंगजेब को पसंद करें या न करें, लेकिन उसका मकबरा एक संरक्षित स्मारक है। किसी को उसका महिमामंडन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि 'कानून के दायरे से बाहर' की ढांचों को हटा दिया जाना चाहिए। गौरतलब है कि दक्षिणपंथी संगठन छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्दाबाद शहर में स्थित 17वीं सदी के मुगल शासक के मकबरे को हटाने की मांग कर रहे थे। मकबरे को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (VHP) के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पवित्र पुस्तक की पंक्तियां लिखी चादर के जलाए जाने की अफवाहों के कारण इस महीने की शुरूआत में नागपुर में हिंसा भड़क गई थी।

## ठाणे : 10 मंजिला आवासीय इमारत के वेंटिलेशन डक्ट में गिरने से 10 वर्षीय एक लड़की की मौत



**ठाणे :** जिले में एक 10 मंजिला आवासीय इमारत के वेंटिलेशन डक्ट में गिरने से 10 वर्षीय एक लड़की की मौत हो गई, अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुंब्रा इलाके के सम्राट नगर में श्रद्धा प्रति इमारत में हुई इस घटना की सूचना ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ को सोमवार रात 11.48 बजे दी गई, इसके प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा। उन्होंने कहा कि लड़की, जो इमारत की निवासी नहीं थी, अस्पष्ट परिस्थितियों में संरचना के माध्यम से चल रहे ऊर्ध्वाधर डक्ट में गिर गई, उन्होंने कहा कि नाबालिग परिसर में कैसे घुसी, इसकी जांच की जा रही है।

# मुंबई : तेज रफ्तार टेंपो की चपेट में आने से 71 वर्षीय महिला की मौत

**मुंबई:** सड़क पार करते समय तेज रफ्तार टेंपो की चपेट में आने से 71 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। यह घटना 5 अप्रैल को कांदिवली पश्चिम में हुई। एफआईआर के अनुसार, भारती शाह और हंसा धीवाला एसवी रोड पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के




पास सड़क पार करने लगे, तभी सिग्नल लाल हो गया। हालांकि, तेज रफ्तार टेंपो ने सिग्नल तोड़ दिया और दोनों को टक्कर मार दी। शाह की मौत हो गई, जबकि धीवाला के पैर में फ्रैक्चर और सिर में चोट आई है। आरोपी इकबाल शेख, 44, के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## महाराष्ट्र : पुणे में दापोडी इलाके के पास एक कार में लग गई आग

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे में दापोडी इलाके के पास मंगलवार को एक कार में आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पिंपरी चिंचवाड़ अग्निशमन विभाग ने घटना का वीडियो भी शेयर किया है। अधिकारियों ने आगे बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। किसी के



हताहत होने की खबर नहीं है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## पुणे की गर्भवती मौत मामले में नियमों का उल्लंघन उजागर... न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक गबन की जांच तेज

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे में एक गर्भवती की मौत के मामले में गठित जांच पैनल ने कहा है कि पुणे के अस्पताल ने अग्रिम भुगतान की मांग कर नियमों का उल्लंघन किया। बता दें कि दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल पर 10 लाख रुपये जमा करने के बावजूद गर्भवती को भर्ती न करने का आरोप लगा है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राधाकिशन पवार की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति ने सोमवार को पुणे पुलिस को अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसमें कहा गया है कि बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए धर्मार्थ अस्पतालों द्वारा अपनाई जाने वाली योजना के अनुसार, किसी आपात स्थिति में, उन्हें रोगी को तुरंत भर्ती करना होगा। न्यायालय ने कहा कि किसी धर्मार्थ अस्पताल को आपातकालीन मरीज के भर्ती होने पर जमा राशि नहीं मांगनी चाहिए।

# पनवेल : 14 वर्षीय लड़की बलात्कार करने के 42 वर्षीय व्यक्ति आरोप में गिरफ्तार

**पनवेल :** विचुम्बे गांव के 42 वर्षीय व्यक्ति को पनवेल सिटी पुलिस ने 14 वर्षीय लड़की के साथ कई महीनों तक कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती हो गई।

आरोपी, पीड़िता के परिवार का परिचित था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जब दोनों साथ काम करते थे, तब आरोपी ने पीड़िता की मां के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए थे। वह अक्सर करंजडे में लड़की के घर जाता था, खासकर उस समय जब उसकी मां बाहर होती थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने इन अवसरों का फायदा उठाकर नाबालिग का यौन शोषण किया।

कथित तौर पर पहला हमला अगस्त 2024 में हुआ था। आरोपी ने कथित तौर पर लड़की को धमकी दी थी कि अगर उसने दुर्व्यवहार के बारे में किसी को बताया तो वह उसे और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाएगा। समय बीतने के साथ-साथ हमले जारी रहे और हाल ही में लड़की में गर्भावस्था के लक्षण दिखने लगे। उसे उसकी मां द्वारा



जांच के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके गर्भवती होने की पुष्टि की। ''पूछताछ करने पर, लड़की ने अपने साथ दुर्व्यवहार करने वाले की पहचान बताई, जिसके कारण अस्पताल के अधिकारियों ने हमें सतर्क कर दिया। एक औपचारिक शिकायत के बाद, हमने नाबालिग का बयान दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ बलात्कार की धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (POCSO) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है, ''पनवेल सिटी पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने कहा। पुलिस मामले की आगे की जांच जारी रखे हुए है।

# मुंबई: रिलायंस स्मार्ट बाजार स्टोर में एक करोड़ की धोखाधड़ी का पर्दाफाश

**मुंबई:** घाटकोपर में रिलायंस स्मार्ट बाजार स्टोर में एक करोड़ की धोखाधड़ी का पर्दाफाश हुआ है, जहाँ स्टोर के चार अधिकारियों ने कथित तौर पर बिना अनुमति के सामान बेचा और आय का दुरुपयोग किया। घाटकोपर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चारों आरोपियों की पहचान शैलेश सिंह, तेजस कौरने, जगन्नाथ साहू और सज्जाद सिद्दीकी के रूप में हुई है। शिकायत के अनुसार, अधिकारियों ने जुलाई 2023 से सितंबर 2024 के बीच कंपनी की जानकारी या अनुमति




के बिना अवैध रूप से 1.19 करोड़ रुपये का स्टॉक बेचा। आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने पैसे आपस में बाँट लिए, जिससे कंपनी के साथ एक बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी हुई। घाटकोपर पुलिस ने घोटाले की पूरी हद को उजागर करने और यह पता लगाने के लिए मामले की आगे की जाँच शुरू कर दी है कि क्या और लोग इसमें शामिल थे।

# मुंबई: महिला के यौन उत्पीड़न के आरोप में 29 वर्षीय फूड डिलीवरी एजेंट गिरफ्तार....

**मुंबई:** वीपी रोड पुलिस ने गिरगांव में 28 वर्षीय महिला के घर पर कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 29 वर्षीय फूड डिलीवरी एजेंट को गिरफ्तार किया है। यह परेशान करने वाली घटना तब हुई जब महिला ने डिलीवरी ऐप के जरिए ऑर्डर किया हुआ खाना लेने के लिए अपना दरवाजा खोला। पुलिस अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि जैसे ही महिला ने दरवाजा खोला, डिलीवरी एजेंट ने अपनी पैंट



उतार दी और उसे फ्लैश किया। हैरान और परेशान महिला ने तुरंत अपने पति को सूचित किया, जो घर में मौजूद था। वह नीचे की ओर भागा और बिल्डिंग लॉबी में डिलीवरी एजेंट से भिड़ गया, जहाँ वह व्यक्ति लिफ्ट का इंतजार कर रहा था।

पति और डिलीवरी एजेंट के बीच हाथापाई हुई, लेकिन आरोपी पति को धक्का देकर भागने में सफल रहा। घटना के बाद, दंपति ने एजेंट के व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए फूड डिलीवरी प्लेटफ़ॉर्म के कस्टमर केयर से संपर्क किया। जबकि उन्हें आश्वासन दिया गया था कि सख्त कार्रवाई की जाएगी, दंपति ने दावा किया कि आरोपी के खिलाफ कोई स्पष्ट कदम नहीं उठाया गया।

# ट्रेन में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, 10 महीने से थी तलाश, चोरी का मोबाइल-सोने का मंगलसूत्र बरामद

**चित्तौड़गढ़**



जीआरपी पुलिस ने ट्रेन में चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी की 10 महीनों से तलाश कर रही थी। उसके पास से चोरी का मोबाइल, सोने का मंगलसूत्र और चांदी के 2 सिक्के बरामद हुए, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए है। परिवादी ने इसकी रिपोर्ट अहमदाबाद में की थी, जो बाद में ट्रांसफर होकर चित्तौड़गढ़ जीआरपी के पास आई। आरोपी चित्तौड़गढ़ जीआरपी थाना अंतर्गत चोरी के एक मामले में पहले भी जेल भी जा चुका है। इसके अलावा अलग-अलग थानों में आरोपी के खिलाफ चोरी, लूट, गाड़ी चोरी, शराब तस्करी, मारपीट के कई मामले दर्ज है। थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया कि 23 जून 2024 को दर्ज किए एक मामले में आरोपी हंसराज गुर्जर को चंदेरिया के पास एक गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने जयपुर के एक होटल व्यवसायी रविप्रताप सिंह की पत्नी का पर्स ट्रेन में चुराया था। व्यवसायी अपनी पत्नी और बेटे के साथ 2 मार्च 2024 को जयपुर-असावरा एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे। इस दौरान पत्नी का पर्स चोरी हो गया, जिसमें फोन, सोने का मंगलसूत्र, चांदी के 2 सिक्के थे। मामला अहमदाबाद जीआरपी थाने में दर्ज हुआ। इस केस को जून 2024 में चित्तौड़गढ़ भेजा गया। मामले की जांच के लिए एक टीम बनाई गई। महिला के मोबाइल को लगातार ट्रैक किया गया। बीच-बीच में आरोपी हंसराज इसे ऑन करता और जल्द ही बंद कर देता। लेकिन इस दौरान आरोपी को पुलिस ने ट्रैक ही कर लिया। आरोपी को पुलिस डिटेन कर लाई तो उसने चोरी करना स्वीकार किया। उसने पर्स, मोबाइल और गहने सभी को अपने घर में ही छुपा रखा था। आरोपी चंदेरिया थाना क्षेत्र के एक गांव रहता है, जहां से उसे पकड़ा गया। आरोपी के पास से डेढ़ लाख रुपए का माल बरामद कर लिया गया। इस आरोपी को 2018 के एक चोरी के मामले में जीआरपी चित्तौड़गढ़ पुलिस ने ही पकड़ा था। जिसके बाद इसे जेल भी भेजा गया था। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थानों में चोरी, लूट, गाड़ी चोरी, शराब तस्करी, मारपीट के कई मामले दर्ज है। कार्रवाई करने वाली टीम में हेड कॉन्स्टेबल सांवर सिंह, अनिल कुमार, कॉन्स्टेबल पवन कुमार, रणजीत वर्मा, गोपाल लाल शामिल रहे।

# 2 साल के मासूम ने गलती से पिया ऑल आउट, हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मोत



**भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा की मारुति कॉलोनी में रहने वाले 2 साल के मासूम ने खेल-खेल में ऑल आऊट पी ली जिससे उसकी हालत बिगड़ गई । परिजन उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचे जहां उसकी डेथ हो गई ।परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए मना कर दिया। मामला शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की मारुति कॉलोनी का है ।थाने के हेड कांस्टेबल रतन लाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के मालोला चौराहे के समीप मारुति कॉलोनी में रहने वाले कैलाश सालवी के 2 साल के बेटे बसंती ने रविवार को सुबह करीब 10 बजे खेल खेल में घर रखा ऑल आउट पी लिया। जिससे मासूम की हालत बिगड़ गई।मासूम को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया,जहां पीआईसीयू मासूम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।डॉक्टर ने मासूम के शव को मोर्च्युरी में सुरक्षित रखवाया । सूचना पर आज प्रतापनगर थाना पुलिस जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंची जहां परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए मना कर दिया।पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी कर मासूम के शव को बिना पोस्टमार्टम के परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# गर्मी शुरू होते ही राजस्थान में पानी का संकट, 5 किलोमीटर पैदल चलकर पानी लाती हैं महिलाए

**भरतपुर**



राजस्थान के भरतपुर जिले में गर्मी की शुरुआत के साथ ही पानी का संकट गहराने लगा है. कई गांव ऐसे हैं, जहां पूरे साल पानी की समस्या बनी रहती है. ऐसा ही एक गांव है भरतपुर का रामनगर, जहां दशकों से गर्मी, सर्दी और बारिश, हर मौसम में जल संकट रहता है. गर्मियों में यह समस्या और विकराल रूप धारण कर लेती है. कई सरकारें आईं और गईं, लेकिन रामनगर गांव में पानी की समस्या का समाधान नहीं हो सका. यह समस्या अब ग्रामीणों के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुकी है.

## 10 साल से झेल रहे परेशानी

गांव में पिछले 10 वर्षों से पानी की कमी बनी हुई है. इस कारण लोगों को अपने दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. गांव में चंबल पेयजल पाइपलाइन तो डली है, लेकिन पानी की आपूर्ति अनियमित है. ग्रामीणों को कभी-कभी ही पानी मिल पाता है, जिससे उन्हें मजबूरी में अपने पैसे से पानी खरीदना पड़ता है या 5 किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ता है. स्थानीय निवासी सत्येंद्र शर्मा ने बताया, "हमारे गांव में शुरू से ही पानी की समस्या रही है, लेकिन पिछले 10 वर्षों में यह और गंभीर हो गई है. लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए पैसे से पानी खरीदने को मजबूर हैं. गांव में चंबल पेयजल पाइपलाइन तो है, लेकिन उसमें पानी नहीं आता. हमने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हुआ." गांव की निवासी सुमन ने बताया, "हमारे पास आय का कोई स्थायी स्रोत नहीं है. दोपहर की धूप में पांच किलोमीटर दूर पैदल जाकर पानी लाना पड़ता है या फिर पैसे से खरीदना पड़ता है. लेकिन हमारे पास इतना पैसा भी नहीं कि रोज पानी खरीद सकें.हमारी सरकार और प्रशासन से यही मांग है कि पानी की समस्या का जल्द समाधान किया जाए."

# खान विभाग के विजिलेंस ऑफिसर की हार्ट अटैक से मौत

**हनुमानगढ़**

हनुमानगढ़ आए खान विभाग के विजिलेंस ऑफिसर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे फील्ड जांच के लिए आए थे और धन्नासर कस्बे के एक होटल में ठहरे हुए थे। सुबह सीने में तेज दर्द महसूस होने पर उन्होंने साथी स्टाफ को फोन कर सूचना दी। जब स्टाफ होटल पहुंचा तो वे बेड पर बेहोश पड़े थे। उन्हें रावतसर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनको सात महीने बाद रिटायरमेंट होने वाला था। रावतसर थाने के एएसआई शीशपाल ने बताया कि विभाग में विजिलेंस ऑफिसर के पद पर कार्यरत मृतक के भतीजे बाड़ी धौलपुर निवासी ललित मंगल ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसके चाचा मुकेश मंगल (59) बीकानेर खान विभाग में विजिलेंस ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। उनके पास हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले की जांच का जिम्मा था। वे फील्ड जांच के लिए हनुमानगढ़ आए थे। वे धन्नासर कस्बे के एक होटल में ठहरे हुए थे। सोमवार सुबह करीब 7.10 बजे उन्हें सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। उन्होंने तुरंत अपने साथी स्टाफ को फोन कर सूचना दी। जब स्टाफ होटल पहुंचा तो वे बेड पर बेहोश पड़े थे। उन्हें रावतसर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई शीशपाल को सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार मुकेश मंगल ने टीम के साथ पांच दिन से धन्नासर में कैंप किया हुआ था। वे आसपास के इलाके में अवैध खनन से संबंधित जानकारी जुटा रहे थे। इलाके में अवैध खनन की शिकायत के बाद टीम मौका निरीक्षण करने पहुंची थी।

# सीकर कृषि मंडी में चोरी करने वाले आरोपी पकड़े

**सीकर**



सीकर की उद्योग नगर थाना पुलिस ने जयपुर रोड स्थित कृषि उपज मंडी में चोरी करने की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस टीम चोरों को लेकर कृषि मंडी में घटनास्थल पर पहुंची। जहां पुलिस कस्टडी में चोर जोड़ हाथ जोड़कर व्यापारियों से माफी मांगते हुए दिखे। इस दौरान व्यापारियों ने पुलिसकर्मियों का स्वागत किया। ट्रेनी आईपीएस प्रशांत ने बताया- 25 मार्च की रात को चोरों ने सीकर कृषि मंडी में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोर मंडी में स्थित दुकानों के ताले तोड़कर 2 लाख 17 हजार कैश, ड्राई फ्रूट्स व अन्य सामान चोरी कर भाग गए थे। चोरी की वारदात सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई थी। जिसमें दो चोर दिखाई दे रहे थे। चोरी के बाद आक्रोशित व्यापारियों ने कृषि मंडी का मुख्य गेट बंद कर विरोध-प्रदर्शन किया था। जिसके कारण जयपुर-सीकर हाईवे पर भारी जाम लग गया। घटना की सूचना मिलने पर उद्योग नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। चोरों ने मंडी में स्थित दुकान नंबर 4-5 व 25-26 को निशाना बनाया। चोरों ने नवीन ट्रेडिंग कंपनी व बजरंग एंड ब्रदर्स से करीब 2 लाख 17 हजार कैश, ड्राई फ्रूट्स और अन्य सामान चोरी किया। जबकि रामावतार अग्रवाल की दुकान न-25 व मनोहर लाल की दुकान नं-26 के ताले भी तोड़े। नवीन ट्रेडिंग कंपनी की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में दो चोर रिकॉर्ड हो गए। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया और 10-10 हजार का इनाम रखा। पुलिस ने राजस्थान, हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश में सभी रूटों, टोल नाकों पर 800 सीसीटीवी फुटेज चेक किए और आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की। पुलिस टीम ने हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, दिल्ली व हिमाचल में कई दिनों तक डेरा डालकर आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े के आरोपियों की पहचान शुभम गौतम, आगरा (उत्तरप्रदेश) व मुकेश, गुड़गांव (हरियाणा) के रूप में हुई है।

## ट्रंप प्रशासन ने जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने वाले कुछ कार्यक्रमों को बंद किया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व खाद्य कार्यक्रम और अन्य भागीदारों को सूचित किया कि उन्होंने पश्चिमी एशिया में जारी कुछ जीवन रक्षक मानवीय कार्यक्रमों को बंद कर दिया है। अमेरिकी और संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। यूएसएड के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह अनुबंध रद्द करने के लगभग 60 पत्र भेजे गए, जिनमें विश्व खाद्य कार्यक्रम भी शामिल है। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने बताया कि लेबनान, जॉर्डन और सीरिया में खाद्य कार्यक्रमों को बंद करने के लिए समाप्ति पत्र मिले है।उन्होंने बताया कि यमन, सोमालिया, अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे में प्रमुख कार्यक्रमों के लिए अमेरिकी वित्त पोषण भी प्रभावित हुआ है।अमेरिका द्वारा दी जानी वाली सहयाताओं मे युद्ध से विस्थापित लोगो के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा देखभाल और आश्रय प्रदान करना शामिल है।

## अमेजन इन के साथ बनाएं नेशनल पैट डे

मुंबई। इस साल नेशनल पैट डे पर, अमेजन इन आपके सबसे प्यारे दोस्त को पैम्पर करना पहले से कहीं ज्यादा आसान बना देगा। अमेजन ने आपके पैट के लिए 11 से 14 अप्रैल के बीच एक खास स्टोर पेश किया है। इस स्टोर में पैट के लिए जरूरी चीजों का बेहतरीन संग्रह पेश किया गया है। यहां आप एक ही जगह पर कई तरह के उत्पादों को देख सकते हैं, जिनकी मदद से आप आसानी से और सुविधाजनक रूप से अपने पैट की देखभाल कर सकेंगे। यहां पौष्टिक ट्रीट और मजेदार खिलौनों से लेकर प्रीमियम ग्रूमिंग प्रोडक्ट और उनकी रोजमर्रा की जरूरत के सामान तक सब कुछ उपलब्ध है।इस स्टोर पर पेडिग्री, ड्रूल्स, रॉयल कैनिन, मूची, जार्मिना, हिमालया आदि जैसे टॉप ब्रांडों के प्रोडक्ट एक ही जगह पर उपलब्ध हैं। तेज और भरोसेमंद डिलीवरी के साथ, अपने पैट के लिए खरीदारी करना अब पहले से कहीं ज्यादा मजेदार और सुविधाजनक हो गया है। ग्राहक अमेजन पे के साथ शानदार बचत का मजा भी उठा सकते हैं, साथ ही प्राइम मैंबर्स के लिए, हजारों पैट प्रोडक्ट पर सेम डे डिलीवरी का विकल्प मिलता है। जो उनकी खरीदारी को और भी आसान बना देती है। ग्राहक 5000 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर पर एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर 10प्रतिशत की छूट का लाभ भी उठा सकते हैं।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सड़क दुर्घटना में 11 की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में महिला और बच्चों समेत कम से कम 11 यात्रियो की मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।आपातकालीन बचाव सेवा 1122 के प्रवक्ता के अनुसार, एक यात्री बस और एक तीन पहिया वाहन के बीच यह दुर्घटना रविवार रात जरानवाला में हुई। प्रवक्ता ने बताया कि बस जरानवाला से लाहौर जा रही थी तभी उसकी टक्कर तीन पहिया वाहन से हो गई और बस सड़क से नीचे उतर गई। उन्होंने कहा,"आठ यात्रियो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 घायलो को अस्पताल ले जाया गया जहां तीन लोगो ने दम तोड़ दिया।

## भारतीय नागरिक पर दुकानों से चोरी करने का आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय नागरिक पर चांगी हवाई अड्डे पर पांच दुकानों से।,800 सिंगापुर डॉलर (1,14,705 रुपए) से अधिक मूल्य का सामान चोरी करने का सोमवार को आरोप लगाया गया। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार, अदालत ने 37 वर्षीय सिंह सागर पर 23 मार्च को टर्मिनल तीन के प्रस्थान पारगमन क्षेत्र से लगभग तीन घंटे के भीतर स्टेशनरी, चॉक्लेट और आभूषण सहित सामान चोरी करने के लिए पांच आरोप लगाए।उसने चोरी की शुरुआत डब्ल्यूएच स्मिथ बुकस्टोर से की।

## इजराइल ने गाजा के 50 प्रतिशत हिस्से को अपने नियंत्रण में लिया

तेल अवीव

हमास के खिलाफ पिछले महीने युद्ध फिर से शुरू करने के बाद से इजराइल ने गाजा पट्टी में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है और अब वहां 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र उसके नियंत्रण में है।इजराइली सैनिकों और अधिकार समूहों ने बताया कि सेना द्वारा नियंत्रित सबसे बड़ा निकटवर्ती क्षेत्र गाजा सीमा के आसपास है, जहां सेना ने फलस्तीनी मकानों, कृषि भूमि और बुनियादी ढांचे को इस हद तक तबाह कर दिया है कि अब वहां रहना असंभव है। हाल के सप्ताह में इस सैन्य बफर जोन का आकार दोगुना हो गया है।इजराइल का कहना है कि उसकी यह कार्वाई अस्थाई रूप से जरूरी है ताकि सात अक्टूबर 2023 को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए शेष लोगों को रिहा करने के लिए हमास पर दबाव बनाया जा सके। हमास द्वारा सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद यह युद्ध शुरू हुआ था। बहरहाल, मानवाधिकार समूहों और गाजा संबंधी मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि इजराइल के कब्जे वाली भूमि में क्षेत्र के उत्तर को दक्षिण से विभाजित करने वाला गलियारा भी शामिल है और इसका इस्तेमाल दीर्घकालिक नियंत्रण के लिए किया जा सकता है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह कहा था कि हमास की हार के बाद भी इजराइल गाजा में सुरक्षा नियंत्रण बनाए रखेगा और फलस्तीनियों को वहां से जाने के लिए मजबूर करेगा। इजराइल के पांच सैनिकों ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि इजराइली सीमा के निकट ध्वस्तीकरण और बफर जोन का व्यवस्थित विस्तार 18 महीने पहले युद्ध शुरू होने के बाद से जारी है।टैंक दस्ते के साथ तैनात एक सैनिक ने कहा, उन्होंने (इजराइली बलों ने) वह सब कुछ नष्ट कर दिया जो वे कर सकते थे... (फलस्तीनियों के पास) वापस आने के लिए कुछ नहीं होगा, वे वापस नहीं आएंगे, कभी नहीं। हताहत हुए सैनिकों के बारे में पूछे जाने पर इजराइली सेना ने कहा कि सेना अपने देश की रक्षा के लिए और विशेष रूप से सात अक्टूबर के उस हमले के कारण तबाह हुए दक्षिणी समुदायों में सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है।

## गाजा हमले में मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी, मरने वालों की संख्या 57 पहुंची

दीर अल बलाह

**गाजा में** इजराइल के हमले के बाद स्थानीय अस्पताल में पिछले 24 घंटे में करीब 57 शव लाए गए हैं, जबकि 137 घायलों का उपचार किया जा रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को अद्यतन आंकड़ों के बाद इजराइल और हमास के बीच लड़ाई में पिछले 18 महीने में अब तक कुल 50,752 फलस्तीनी मारे गए हैं जबकि 115,475 घायल हुए हैं। मंत्रालय ने मारे गए लोगों के बारे में यह नहीं बताया है कि इसमें कितने सैनिक हैं और कितने आम नागरिक। हालांकि, उसका दावा है कि मारे गए लोगों में से आधे से अधिक महिलाएं एवं बच्चे हैं। इजराइल का कहना है कि उसने लगभग 20,000 आतंकवादियों को मार गिराया है, हालांकि इसका कोई साक्ष्य नहीं दिया है।



## गाजा में इजराइल ने अस्पतालों के पास हमला किया, कई पत्रकार मारे गए

दीर अल-बला। गाजा पट्टी पर इजराइल ने दो प्रमुख अस्पतालो के बाहर स्थित तंबुओ पर रात में हमला किया, जिससे एक स्थानीय पत्रकार सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह पत्रकारों समेत नौ अन्य घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।अस्पताल के अनुसार, क्षेत्र में हुए अलग-अलग हमलो में 15 अन्य लोग भी मारे गए।अस्पताल के अनुसार, खान यूनिस मे नासेर अस्पताल के बाहर मीडिया तंबू पर रात करीब दो बजे हमला हुआ, जिससे तंबू में आग लग गई और फलस्तीन टुडे समाचार वेबसाइट के रिपोर्टर यूसुफ अल-फक्रावी तथा एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। इस हमले में छह पत्रकार घायल हो गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने हमास के एक उग्रवादी पर हमला किया था। उसने कोई और जानकारी नही दी। अस्पताल के अनुसार, इजराइल ने मध्य शहर दीर अल-बला में अल-अक्सा शहीद अस्पताल के किनारे स्थित तंबू पर भी हमला किया, जिससे तीन लोग घायल हो गए। नासेर अस्पताल के अनुसार, रात मे अलग-अलग हमलो में छह महिलाओ और चार बच्चो समेत कुल 13 लोगो के शव भी मिले है। अल-अक्सा अस्पताल ने बताया कि दीर अल-बला मे एक घर पर हुए हमले में दो लोग मारे गए और तीन घायल हो गए।

# कीव पर रूसी हमले में एक की मौत

### पहले हुए मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या 20 हुई

कीव

**यूक्रेन की राजधानी** कीव पर रविवार को रूसी हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि मध्य यूक्रेनी शहर क्रीवी रीह पर शुक्रवार को हुए हमले में मरने वालों की संख्या में वृद्धि जारी है।मेयर विताली क्लित्स्को ने बताया कि कीव के डार्नित्स्की जिले में हमले के केंद्र के पास व्यक्ति का शव मिला। हमले में तीन लोग घायल हो गए तथा कई गैर-आवासीय क्षेत्रों में आग लग गई और कारों और इमारतों को नुकसान पहुंचा है।



सोशल मीडिया पर दिए गए एक बयान में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि रूस के बढ़ते हमले दर्शाते हैं कि मॉस्को पर अब भी पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय दबाव नहीं है।उन्होंने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह ही यूक्रेन पर।,460 से अधिक गाइडेड हवाई बम, लगभग 670 हमलावर ड्रोन और 30 से अधिक मिसाइलें दागी हैं। जेलेंस्की ने कहा, ए हमले सभी अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक कोशिशों को (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन का जवाब है। हमारे हर साथी – अमेरिका, पूरा यूरोप, पूरी दुनिया – ने देखा है कि रूस युद्ध और हत्या जारी रखने का इरादा रखता है। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि क्रिवी री पर शुक्रवार को हुए हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं और 75 अन्य घायल हुए हैं।

## रूस की अदालत ने चोरी के मामले में दोषी अमेरिकी सैनिक की सजा घटाई

मॉस्को। रूस में एक अपीलीय अदालत ने चोरी करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी एक अमेरिकी सैनिक की सजा की अवधि सोमवार को कम कर दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती की खबर मे यह जानकारी दी गई।अमेरिकी तथा रूसी अधिकारियों के अनुसार, 34 वर्षीय स्टाफ सार्जेंट गॉर्डन ब्लैक अपनी महिला मित्र से मिलने के लिए रूस के शहर व्लादिवोस्तोक आया था और यहां चोरी के आरोप के बाद मई 2024 में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। यह आरोप उसकी मित्र ने ही उस पर लगाया था। एक महीने बाद, व्लादिवोस्तोक की एक अदालत ने उसे दोषी ठहराया और तीन साल तथा नौ माह जेल की सजा सुनाई। ब्लैक पर 10,000 रूबल (उस समय 115 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया।ब्लैक ने सजा की अवधि कम करने का अनुरोध करते हुए एक क्षेत्रीय अदालत में अपील की थी लेकिन अदालत ने उसकी सजा को बरकरार रखा। सोमवार को 9वें कोर्ट ऑफ कैसेशन के न्यायाधीश ने उसकी सजा को घटाकर तीन साल और दो माह कर दिया। आरआईए की खबर के अनुसार, बचाव पक्ष ने अदालत से उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप से बरी करने और चोरी के लिए सजा कम करने का अनुरोध किया था, जिसे न्यायाधीश ने आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया।

## यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में चार लोगों की मौतः हूती विद्रोही

**दुबई।** हूती विद्रोहियों द्वारा नियंत्रित यमन की राजधानी सना में रविवार को संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। हूती संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। बहरहाल, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा साझा किए गए हमले के एक वीडियो से संकेत मिलता है कि हताहतों की संख्या हूती विद्रोहियों द्वारा बताई गई संख्या से संभवत: अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सना में एक मकान को निशाना बनाया गया। उसने बताया कि इन हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य लोग घायल हो गए। इससे पहले रविवार को ईरान समर्थित हूती व्रिदोहियों ने कहा कि संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमलों में उनके गढ़ सादा में कम से कम दो लोगों की जान चली गई और नौ अन्य घायल हो गए।हूती नियंत्रित समाचार चैनल अल-मसीरा द्वारा प्रसारित वीडियो में हमले में दो-मंजिला इमारत ढहती दिख रही है। इजराइल-हमास युद्ध के बाद हूती विद्रोहियों द्वारा पश्चिम एशिया में समुद्र में मालवाहक पोतों पर हमले किए जाने के कई मामले सामने आए हैं ।

## प्रयास किए जाने को लोग कितना महत्व देते हैं, नए अध्ययन में किया गया गौर

सैन डिएगो

**यह निर्णय लेते समय** कि क्या कोई चीज प्रयास किए जाने लायक है नहीं, उसके लिए पहले की गई मेहनत या भविष्य में किया जाने वाला परिश्रम इस बारे में आपके विचार को प्रभावित करता है।हमने एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित अपने नए अध्ययन में इसी बात का पता लगाया है। आप जब भविष्य में किए जाने वाले प्रयास पर विचार करते हैं, तो अधिक परिश्रम से परिणाम कम आकर्षक हो जाते हैं। लेकिन जब आप काम पूरा कर लेते हैं, तो अधिक प्रयास से परिणाम कहीं ज्यादा मूल्यवान लगते हैं। हमने यह भी पाया कि समय निर्धारण के इस सामान्य सिद्धांत के पीछे छिपे हुए व्यक्तिगत अंतर हैं कि कैसे भविष्य और अतीत के प्रयास लोगों की मेहनत के परिणाम को आकार देते हैं। आपके लिए इसका क्या महत्व है? हमारे प्रयोग में, हमने प्रतिभागियों को एक निश्चित राशि और एक घरेलू सामान – एक मग – के बीच चयन करने का विकल्प दिया, जिसे वे घर ले जा सकते थे, बशर्ते वे कुछ शारीरिक मेहनत करें, जो मोटे तौर पर एक, दो या तीन सीढ़ियां चढ़ने के समान है। इससे हमें यह पता लगाने में मदद मिली कि प्रत्एक व्यक्ति ने प्रयास को कितना महत्व दिया? उदाहरण के लिए, थोड़ा और प्रयास करने पर कोई व्यक्ति अपना निर्णय बदल देता है और मग के बजाय नकदी लेने का निर्णय लेता है, तो हम यह बता सकते हैं कि उसने मग और उस प्रयास को उस राशि से कम महत्व दिया है। यह प्रयास जब भविष्य में किया जाना है, तो प्रतिभागियों ने तय किया कि वे नकदी के साथ जाना चाहते हैं या कुछ प्रयास कर मग प्राप्त करना चाहते हैं। लेकिन जब यह प्रयास अतीत में किया जाना था, तो प्रतिभागियों ने निर्णय लिया कि वे उस मग को नकदी में भुनाना चाहते हैं जिसे उन्होंने पहले ही प्रयास कर अर्जित किया था। जैसा कि हमने उम्मीद की थी, भविष्य के प्रयास से मग का महत्व आम तौर पर कम हो जाता है, लेकिन पिछले प्रयास से आम तौर पर इसके महत्व में वृद्धि होती है। लेकिन ए सामान्य रुझान पूरी कहानी नहीं बयां करते हैं। हर कोई प्रयास के प्रति एक जैसा प्रतिक्रिया नहीं करता है। हमारे अध्ययन में व्यक्तिगत अंतरों को भी रेखांकित किया गया। चार अलग-अलग पैटर्न सामने आएः कुछ लोगों के लिए, अतिरिक्त प्रयास हमेशा महत्व घटा देता है। कई लोगों ने मिश्रित पैटर्न दिखाया, जहां मध्यम प्रयास ने महत्व में वृद्धि की लेकिन अत्यधिक प्रयास ने इसे कम कर दिया।कुछ लोगों ने इसके विपरीत अनुभव किया : शुरू में प्रयास को नापसंद किया, फिर उच्च स्तर पर अधिक महत्व दिया। ए बदलते पैटर्न दर्शाते हैं कि प्रयास के साथ व्यक्ति का संबंध सरल नहीं है। कम काम के नियम का उल्लंघन क्यों करें? एक पक्षी, जो आसानी से मिलने वाले समान विकल्प के बजाय मुश्किल से मिलने वाले फूल को पसंद करता है।

## पाक सुरक्षा बलों ने अशांत खैबर पख्तूनख्वा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे आठ आतंकियों को ढेर किया

**पेशावर।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आठ आतंकवादियों को पाकिस्तान के सुरक्षा बल ने मार गिराया और इस दौरान चार आतंकी घायल हो गए। सेना की मीडिया मामलों की शाखा ने यह जानकारी दी।प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा नवंबर 2022 में सरकार के साथ संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद पिछले एक साल में पाकिस्तान और खास कर यहां खैबर पख्तूनख्वा तथा बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है।इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पांच और छह अप्रैल की मध्य रात्रि को उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल के सामान्य क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से घुसपैठ की कोशिश कर रहे खवारिज के एक समूह को देखा।

# पुष्पा की रियल लाइफ 'श्रीवल्ली' चलाती है हुस्न के बाण

## खुद के दम पर बनाया करोड़ों का साम्राज्य, ऐसे करती है कमाई



अल्लू अर्जुन इन दिनों अपने करियर के चरम पर हैं और उनकी फैन फॉलोइंग हर दिन बढ़ रही है। अल्लू अर्जुन दुनिया भर में छाए हुए हैं। 'पुष्पा 2' की सफलता के बाद वो सबसे महंगे अभिनेताओं की लिस्ट में शुमार हो गए हैं। प्रभास के बाद अल्लू अर्जुन भी पैन इंडिया स्टार का टैग हासिल कर चुके हैं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अल्लू अर्जन सबसे ज्यादा फीस लेने वाले स्टार बन गए हैं और उन्हें 'पुष्पा 2: द रूल' के लिए 300 करोड़ रुपये फीस दी गई है। खैर एक्टर एक के बाद एक हिट फिल्म देकर सफलता के शिखर पर पहुंच रहे हैं। वैसे अल्लू अर्जुन की रियल लाइफ श्रीवल्ली यानी उनकी पत्नी भी कुछ कम नहीं हैं। हर मुश्किल में एक्टर का साथ देने वाली उनकी पत्नी लुक्स, स्टाइल, खूबसूरती और कमाई के मामले में कई फिल्मी हसीनाओं की उस्ताद हैं।


अल्लू अर्जुन की पत्नी स्नेहा रेड्डी की अलग पहचान है। वो सिर्फ अल्लू अर्जुन की पत्नी नहीं बल्कि एक सफल बिजनेसवुमन हैं। स्नेहा एक प्रतिभाशाली महिला हैं। स्नेहा रेड्डी हैदराबाद के प्रसिद्ध व्यवसायी और SCIENT इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष कंचारला चंद्रशेखर रेड्डी की बेटी हैं। वो एक नामी बिजनेस फैमिली से आती हैं यही वजह है कि स्नेहा को बिजनेस सेंस विरासत में मिली है। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा हैदराबाद के ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल में पूरी की। इसके बाद वह मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कैम्ब्रिज चली गईं, जहां उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने अमेरिका से कंप्यूटर साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई की।

अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद स्नेहा भारत लौट आईं और बिजनेस की दुनिया में कदम रखा। साल 2016 में स्नेहा ने अपना खुद का बिजनेस स्टूडियो पिकाबो शुरू किया। ये हैदराबाद के जुबली हिल्स के पॉश इलाके में स्थित एक ऑनलाइन फोटो स्टूडियो है। स्टूडियो पेशेवर फोटोग्राफी चेन हैं, जहां से लोग अपनी जरूरत के अनुसार सर्विसेज ले सकते हैं। स्नेहा रेड्डी ने अपने बेदाग करियर से बिजनेस के क्षेत्र में नाम कमाया है। स्नेहा के इंस्टाग्राम पर नौ मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्नेहा रेड्डी की अनुमानित कुल संपत्ति लगभग 42 करोड़ रुपये है।

### 15 साल पहले शुरू हुआ था दोनों का रिश्ता

बता दें, अल्लू अर्जुन और स्नेहा रेड्डी की कहानी एक दशक से भी ज्यादा पहले शुरू हुई जब दोनों की मुलाकात एक शादी में हुई थी। अभिनेता के अनुसार उन्हें पहली नजर में ही प्यार हो गया था और जल्द ही वे डेटिंग करने लगे। समय के साथ उनका रिश्ता मजबूत होता गया, जिसके चलते 2010 में उनकी सगाई हुई और 2011 में उनकी शादी हुई। अब इस जोड़े के दो बच्चे हैं- अयान, जिसका जन्म 2014 में हुआ और अरहा, जिसका जन्म 2016 में हुआ। अल्लू अर्जुन के स्टारडम के बावजूद, स्नेहा अपने करियर और परिवार पर ध्यान केंद्रित करते हुए लो प्रोफाइल रहना पसंद करती हैं।

# इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद के बाद अपूर्वा मखीजा को मिल रही मौत की धमकियां, 2 महीने बाद हुआ नया खुलासा



अपूर्वा मखीजा जो कुछ महीनों से इंडियाज गॉट लेटेंट के एक एपिसोड के कारण विवादों में बनी हुई हैं। उन्होंने इस विवाद के ठीक दो महीने बाद मंगलवार (8 अप्रैल) को अपना पहला पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले लोगों के सैकड़ों कमेंट और मैसेज के स्क्रीनशॉट देखने को मिलेंगे। इतना ही नहीं इस विवाद के बाद मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बॉलीवुड एक्ट्रेस का रेप करने और उन्हें जान से मारने की भी धमकियां दी गई है।

### अपूर्वा मखीजा को मिली रेप की धमकी

पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंग: इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार करने और मौत की धमकियां देने वालों के स्क्रीनशॉट हैं।' इसके आगे उनकी 19 स्लाइडों में यूजर्स की अपमानजनक भाषा और उन्हें दी गई धमकियों के सबूत है। एक ने लिखा, 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', दूसरे ने 'घटिया लड़की', कुछ ने लिखा, 'क्या तुम्हें कोई शर्म नहीं है?' इस तरह के कई स्क्रीनशॉट उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'ये 1% भी नहीं है जो मैंने शेयर किए है।' इससे इतना तो साफ है कि कई बार सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन जाता है जहां किसी बात की तह तक जाने या इंसाफ का इंतजार करने की बजाय, लोग सीधे हमला करने की धमकी देने लगते हैं।

इस पोस्ट के कुछ मिनट बाद उन्होंने एक और पोस्ट शेयर की, जिसमें लिखा था, 'स्टोरीटेलर से उसकी आवाज मत छीनों।' अपूर्वा, जिन्हें 'द रिबेल किड' के नाम से जाना जाता है। उनको इंडियाज गॉट लेटेंट के विवादित एपिसोड में रणवीर अल्लाहबादिया, समय रैना और आशीष चंचलानी के साथ दिखाई देने के बाद भारी आलोचना और यहां तक कि कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ा। वहीं बढ़ते विवाद के बीच अपूर्वा ने इंस्टाग्राम पर सभी को अनफॉलो कर दिया था और 1 अप्रैल को उन्होंने अपने सभी पोस्ट भी हटा दिए थे। अब अपूर्वा मखीजा ने इंस्टाग्राम पर दो पोस्ट शेयर करते हुए धमाकेदार वापसी की है।




# 'जाट' देखकर आएगा फुल मजा, पैसा वसूल है फिल्म, सनी देओल ने की 'गदर 2' जैसी वापसी

साउथ डायरेक्टर गोपीचंद मालिनेनी के डायरेक्शन में बनी सनी देओल की फिल्म जाट 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है. फिल्म के फर्स्ट पोस्टर लॉन्च से लेकर टीजर और फिर ट्रेलर आने तक हर बार दर्शकों में फिल्म को लेकर दिलचस्पी बढ़ती जा रही है. हैंडपंप उखाड़ने वाले सनी देओल का एक्शन देखने के लिए उनके फैंस क्रेजी हो रहे हैं. फिल्म को रिलीज होने में अभी 2 दिन बाकी हैं और कोईमोई के मुताबिक इसके ओपनिंग डे कलेक्शन को लेकर जो डेटा सामने आया है वो चौंकाने वाला है.

वेबसाइट के मुताबिक, पहले दिन 10-13 करोड़ रुपये का बिजनेस कर सकती है अगर ऐसा होता है तो साल 2025 की छावा, सिकंदर, स्काई फोर्स के बाद ये चौथी सबसे बड़ी ओपनर भी बन जाएगी. हालांकि, ये आंकड़ा और भी बढ़ सकता है क्योंकि इसे लेकर जो पहला रिव्यू आया है वो सनी पाजी के फैंस को खुश करने के लिए काफी है.

उमैर संधू ने विदेश में जाट की स्क्रीनिंग में फिल्म देखकर फिल्म को रिव्यू किया है. उन्होंने फिल्म को पैसा वसूल बताया है. संधू ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है, ''जाट खासतौर पर सिंगल स्क्रीन की ऑडियंस के लिए पैसा वसूल एंटरटेनर है. गदर 2 के बाद सनी देओल ऐसे एक्टर बन गए हैं जिनका मांग बढ़ गई है. उन्होंने पॉवर बैंग की तरह वापसी की है. उन्होंने हर तरीके से दर्शकों को दिल जीत लिया है.'' इसके बाद उमैर संधू ने स्टोरी और स्क्रीनप्ले को औसत बताते हुए लिखा है कि - 'कुल मिलाकर ये एक अच्छी टाइमपास फिल्म है.'

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com